Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- चितौडगढ़ में सुभाष चन्द्र यादव हाल सहायक उप निरीक्षक, पुलिस थाना चन्देरिया 9,000/— रूपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफतार किया।

जयपुर, 23 अगस्त, शनिवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चित्तौडगढ़ द्वारा आज कार्यवाही करते हुए सुभाष चन्द्र यादव हाल सहायक उप निरीक्षक, पुलिस थाना चन्देरिया, जिला चित्तौड़गढ़ को **9,000/— रूपये** रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि एसीबी चित्तौडगढ़ को एक शिकायत इस आशय की मिली कि पुलिस थाना चन्देरिया जिला चित्तौड़गढ़ के सहायक उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र यादव द्वारा परिवादी के पुत्र के विरूद्ध पुलिस थाना चन्देरिया में दर्ज प्रकरण में मदद करने की एवज में 9000/— रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी रेंज उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री प्रहलाद सिंह कृष्णिया** के सुपरविजन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों चित्तौडगढ़ के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह** के नेतृत्व में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी सुभाष चन्द्र यादव हाल सहायक उप निरीक्षक, पुलिस थाना चन्देरिया जिला चित्तौड़गढ़ को परिवादी से 9000/— रूपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफतार किया गया है।

एसीबी के श्री प्रहलाद सिंह कृष्णिया, उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रनिब्यूरो उदयपुर के सुपरविजन में आरोपी से पुछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।